रोहतास के पंडुका में सोन नदी पर पुल निर्माण

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में **रोहतास के पंडुका** में **सोन नदी** पर **दो किलोमीटर लंबे पुल** के निर्माण को स्वीकृति दी गई।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि में बिहार की हिस्सेदारी से इस पुल का निर्माण बिहार राज्य पुल निगम करेगा, जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति राज्य सरकार ने दी है।
- झारखंड में गढ़वा ज़िले के श्रीनगर और बिहार में रोहतास ज़िले में नौहट्टा के पंडुका के बीच यह पुल बनेगा। पुल के साथ लगभग 68 किमी. नई सड़क भी बनेगी।
- 210 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से मार्च 2024 तक यह पुल तैयार होगा। इसके बन जाने से रोहतास ज़िले का पलामू से संपर्कता के साथ ही इससे बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश भी जुड़ जाएँगे।
- गढ़वा के श्रीनगर और रोहतास के पंडुका के बीच करीब दो किमी. लंबे पुल के बन जाने से गढ़वा ज़िले के मझिआंव, कांडी, विशुनपुरा, बरडीहा, भवनाथपुर आदि प्रखंड के लोगों को वाराणसी जाने के लिये 80 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी होगी।
- इसी के साथ पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला आदि ज़िलों के अलावा छत्तीसगढ़ की ओर से आने वाले यात्रियों को जीटी रोड पकड़ने या वाराणसी जाने के लिये तीसरा विकल्प उपलब्ध हो जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bridge-over-son-river-at-panduka-of-rohtas